Regarding need to expedite construction of Singhana-Titanward Road under NH-311 in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan- laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 311 पर सिंघानाटीटनवाड़ (उदयपुरवाटी) मार्ग के निर्माण कार्य में हो रही देरी की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र झुंझुनूं में NH-311 के अंतर्गत सिंघानाखरकड़ाजसरापुरनानूवाली बावड़ीकेड़टीटनवाड़ (उदयपुरवाटी) सड़क का कार्य लंबे समय से प्रस्तावित है । इस महत्वपूर्ण मार्ग को काफी पहले मंजूरी एवं स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परंतु इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है । इस मार्ग पर दैनिक यातायात का भारी दबाव रहता है, और सड़क निर्माण में हो रही देरी से आमजन, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा एम्बुलेंस/आपातकालीन सेवाओं को निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अतः मेरी सरकार से मांग है कि इस स्वीकृत मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य को अविलंब प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र राहत मिल सके ।